# 8 विभाज्यता

BPRRRB

**थोड़ा याद करें**

- 2, 5 तथा 10 से विभाज्यता की कसौटियाँ लिखो ।
- निम्नलिखित संख्याएँ पढ़ो । इनमें से जो संख्याएँ 2, 5 अथवा 10 से विभाज्य हैं, उन्हें खाली चौखटों में लिखो ।

125, 364, 475, 750, 800, 628, 206, 508, 7009, 5345, 8710

| 2 से विभाज्य | 5 से विभाज्य | 10 से विभाज्य |
|---|---|---|
| | | |

**आओ, समझें**

## विभाज्यता की कसौटियाँ

कुछ अन्य कसौटियों का अध्ययन करें ।
नीचे दी गई सारणी पूर्ण करो ।

| संख्याएँ | संख्या के अंकों का योगफल कितना है ? | क्या योगफल में 3 से नि:शेष भाग जाता है ? | क्या दी गई संख्या 3 से विभाज्य है ? |
|---|---|---|---|
| 63 | 6 + 3 = 9 | ✓ | ✓ |
| 872 | 17 | × | × |
| 91 | | | |
| 552 | | | |
| 9336 | | | |
| 4527 | | | |

इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

**यह मैंने समझा**

**3 से विभाज्यता कसौटी : यदि किसी संख्या के अंकों के योगफल में 3 से नि:शेष भाग जाता है, तो वह संख्या 3 से विभाज्य होती है ।**

**आओ, समझें**

नीचे दी गई सारणी पूर्ण करो ।

| संख्याएँ | दी गई संख्या में 4 से भाग देकर देखो । क्या नि:शेष भाग जाता है ? | दहाई और इकाई अंकों से बनने वाली संख्या | क्या प्राप्त संख्या 4 से विभाज्य है ? |
|---|---|---|---|
| 992 | ✓ | 92 | ✓ |
| 7314 | | | |
| 6448 | | | |
| 8116 | | | |
| 7773 | | | |
| 3024 | | | |

इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

**यह मैंने समझा**

**4 से विभाज्यता कसौटी :** **यदि किसी संख्या की दहाई और इकाई के स्थान वाले अंकों से बनने वाली संख्या में 4 से नि:शेष भाग जाता है, तो वह संख्या 4 से विभाज्य होती है ।**

**आओ, समझें**

नीचे दी गई सारणी पूर्ण करो ।

| संख्याएँ | दी गई संख्या में 9 से भाग देकर देखो। क्या नि:शेष भाग जाता है? | संख्या के अंकों का योगफल | क्या योगफल 9 से विभाज्य है ? |
|---|---|---|---|
| 1980 | ✓ | 1 + 9 + 8 + 0 =18 | ✓ |
| 2999 | × | 29 | × |
| 5004 | | | |
| 13389 | | | |
| 7578 | | | |
| 69993 | | | |

इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

**यह मैंने समझा**

**9 से विभाज्यता कसौटी :** **यदि किसी संख्या के अंकों के योगफल में 9 से नि:शेष भाग जाता है, तो वह संख्या 9 से विभाज्य होती है ।**

## प्रश्नसंग्रह 22

✸ एक बगीचे में फूलों के वृक्ष हैं । एक – एक वृक्ष पर अलग – अलग संख्या के फूल हैं । तीन विद्यार्थी डलिया लेकर फूल तोड़ने गए । प्रत्येक डलिए पर 3, 4 और 9 में से अलग-अलग एक संख्या है । प्रत्येक विद्यार्थी को उस वृक्ष से फूल तोड़ना है, जिसकी संख्या उसकी डलिया की संख्या से विभाज्य है । उसे इस तरह के प्रत्येक वृक्ष से केवल एक फूल तोड़ना है । प्रत्येक डलिए में कौन-कौन-सी संख्या के वृक्षों के फूल तोड़े जाएँगे ?

